यूपी में निवेश के लिए बेहद उत्सुक नजर आ रहा वैश्विक व्यापारिक समुदाय, आइकिया खोलेगी रिटेल स्टोर और लग्जरी मॉल

# यूएई से मिले 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

लखनऊ,विशेष संवाददाता। विदेश में भ्रमण कर रही टीम योगी को पूरी दुनिया से निवेश के भारी भरकम प्रस्ताव मिल रहे हैं। बेल्जियम, यूएई, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों से निवेशक भारत में लॉजिस्टिक एंड कॉर्गो, कृषि, पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर, रीन्यूएबल एनर्जी समेत कई क्षेत्रों में निवेश के ऑफर दे रहे हैं। यूएई से 20340 करोड़ रुपये के 25 लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त हुए हैं।

**वाराणसी में रीसाइक्लिंग प्लांट:** बेल्जियम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, नंदी और लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) मंत्री जितिन प्रसाद की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल के प्रयास रंग लाए और जेमिनी कॉर्पोरेशन के साथ 200 करोड़ रुपये का एक एमओयू साइन किया गया। औद्योगिक विकास मंत्री ने ट्वीट कर खुद यह जानकारी साझा की। वाराणसी में 200 करोड़ की लागत से 300 टन प्लास्टिक प्रति दिन का रीसाइक्लिंग प्लांट स्थापित करेगी। इस दौरान जेमिनी कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर वेद प्रकाश लता, विष्णु अग्रवाल, पवन बिरला, विवेक बेगवानी मौजूद रहे। एसीएस नवनीत सहगल भी उपस्थित रहे। कंपनी आइकिया के ग्लोबल एक्सपैंसन हेड जैन क्रिस्टीनसन ने 4 हजार करोड़ के निवेश की इच्छा जाहिर की। इस निवेश से कंपनी उत्तर प्रदेश में रिटेल स्टोर्स व लग्जरी मॉल खोलेगी। इस अवसर पर कंपनी की नोएडा में लगने जा रही यूनिट के अलावा उनकी भविष्य से जुड़ी निवेश योजनाओं पर चर्चा की गई। इससे पहले ये प्रतिनिधिमंडल फ्लांडर्स की सेक्रेट्री जनरल जूली बेनेंस से मिला और प्रदेश में बेलिज्यन बिजनेस के निवेश को लेकर बातचीत की।





उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अर्जेंटीना चैंबर्स आफ कामर्स एशिया पैसिफिक के प्रतिनिधियों से भेंट की। जापान में एक कार्यक्रम में मंत्री आशीष पटेल और जयवीर सिंह।

## डीपी वर्ल्ड ने लॉजिस्टिक और कॉर्गो के क्षेत्र में जॉइंट वेंचर में निवेश पर सहमति जताई

यूएई में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने कई निवेशकों से मुलाकात की। 25 लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त हुए हैं। इस निवेश के जरिए प्रदेश में 27 हजार नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रतिनिधिमंडल की डीपी वर्ल्ड के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात हुई। डीपी वर्ल्ड के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के दादरी में लॉजिस्टिक और कॉर्गो के क्षेत्र में जॉइंट वेंचर में निवेश पर सहमति जताई। यही नहीं, उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष कानपुर के करीब हाईवे और रेलवे कनेक्टिविटी वाली भूमि की भी जरूरत साझा की । जॉइंट वेंचर के तहत 2 हजार एकड़ भूमि की आवश्यक्ता होगी।

## कनाडा से मिला प्रस्ताव

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल कनाडा में जेएमक्यू ग्लोबल के को-फाउंडर हिलमी कुरैशी से मिला। हिलमी ने हेल्थ क्षेत्र निवेश की इच्छा जाहिर की।

## जापान 2500 करोड़ रुपये निवेश करेगा

लखनऊ। तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अगुवाई में बुधवार को प्रतिनिधिमंडल जापान पहुंचा और रोडशो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन के प्रशांत गोडघाटे ने यमुना एक्सप्रेसवे पर 2500 करोड़ की लागत से टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए एमओयू साइन किया। इस निवेश से 5000 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर जापान फार्मास्युटिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष फुजिकावा जैसे कई संगठनों ने प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ नीति संचालित शासन, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, फार्मा में अत्याधुनिक नवाचार और वर्ल्ड क्लास वेयर हाउसिंग सुविधा के बारे में विचार साझा किए।